राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान में हिन्दी सप्ताह आयोजन की रिपोर्ट
13-17 सितम्बर, 1999

जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान अपनी स्थापना काल से ही अपने संवैधानिक दायित्वों की प्रतिपूर्ति में सदैव अग्रणी रहा हे एवम् हिन्दी के प्रचार-प्रसार में विशेष योगदान दे रहा है। इस क्रम में विगत वर्ष 13 सितम्बर से 17 सितम्बर, 1999 के दौरान संस्थन में हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के वैज्ञानिकों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।-

संस्थान में हिन्दी दिवस समारोह 14 सितम्बर 1999 को मनाया गया। डा० आनन्द स्वरूप आर्य, वरिष्ठ प्राध्यापक, भूकम्प अभियांत्रिकी विभाग, रूड़की विश्वविद्यालय, रूड़की समारोह के मुख्य अतिथि थे। इस समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डा० सौभाग्य मल सेठ ने की। इसके उपरान्त संस्थान के कर्मचारियों द्वारा जलस्तुति गायन प्रस्तुत किया गया। संस्थान की तत्कालीन हिन्दी अधिकारी डा० (श्रीमती) रमा देवी मेहता ने हिन्दी की वर्ष् 1998-99 की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने इस विशिष्ठ अवसर पर माननीय गृह मंत्री, श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी (भारत सरकार) का संदेश भी पढ़कर सुनाया।

मुख्य अतिथि डा० आर्य ने गत वर्ष के दौरान हुए हिन्दी कार्यों की समीक्षा की एवं प्रसन्नता जाहिर की कि राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान राष्ट्र भाषा हिन्दी का तकनीकी कार्यों में बखूबी स्तेमाल कर रहा है। उन्होंने हिन्दी पत्रिका "प्रवाहिनी" का विमोचन भी किया और संस्थान द्वारा इस दिशा में किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। निदेशक महोदय ने इस बात पर बल दिया कि यदि प्रत्येक वैज्ञानिक हर वर्ष अपना एक शोध पत्र हिन्दी भाषा में लिखे तो हम अपनी राष्ट्र भाषा को तकनीकी स्तर पर भी एक ऊँचा स्थान दे सकते हैं।

संस्थान में अधिकांश लोगो को हिन्दी का अच्छा ज्ञान है तथा अन्यो को हिन्दी प्रशिक्षण दिलाकर ज्ञान उपलब्ध कराया जाता है।

हिन्दी सप्ताह के दौरान संस्थान के सभी वर्गो ने खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं सभी कार्यक्रमों को सफल बनाया।

सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में निम्नलिखित विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये ।

निबन्ध प्रतियोगिता

प्रथम	:	श्री पंकज कुमार गर्ग
द्वितीय	:	श्री अशोक कुमार द्विवेदी
तृतीय	:	श्री श्रीप्रकाश लाल श्रीवास्तव

काव्यपाठ प्रतियोगिता

प्रथम	:	श्री मुकेश कुमार शर्मा
द्वितीय	:	श्री पदम कुमार
तृतीय	:	श्रीमती अंजू चौधरी

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रथम	:	श्री पंकज कुमार गर्ग/श्री मनोहर अरोरा/श्री नीरज कुमार भटनागर
द्वितीय	:	श्री सुभाष किचलू/श्री प्रभाकर पानीकर टी/ श्री तेजपाल सिंह

टंकण प्रतियोगिता

प्रथम	:	श्री नरेश कुमार
द्वितीय	:	श्री रजनीश कुमार गोयल
तृतीय	:	श्री पवन कुमार

वाद विवाद प्रतियोगिता

प्रथम	:	डा. पी.के. महापात्रा
द्वितीय	:	डा. सोमेश्वर राव/श्री अशोक कुमार द्विवेदी
तृतीय	:	श्री मुकेश कुमार शर्मा

अतांक्षरी प्रतियोगिता

प्रथम	:	श्री सुभाष किचलू/श्री टी.आर. सपरा/श्री तेजपाल सिंह
द्वितीय	:	श्री एस.के. सत्यार्थी/श्री मुकेश शर्मा/श्री वी.के. शर्मा

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की
हिन्दी दिवस समारोह
१४ सितम्बर, १९९९

राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की
हिन्दी दिवस समारोह
१४ सितम्बर, १९९९

36

जल संरक्षण एवं जल की उपयोगिता
जन-चेतना अभियान
सौजन्य से
राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की (N.I.H.)
36